Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 21st December/2022

Job Notification for MPPSC 2022

PSC: आगे बढ़ सकती है दोबारा होने वाली राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019

राज्य सेवा परीक्षा-2022 का विज्ञापन इसी माह होगा जारी, 150 पद रिक्त

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा-2022 का विज्ञापन 31 दिसंबर से पहले जारी करने की तैयारी की है। संभवतः 29 से 31 दिसंबर के बीच विज्ञापन जारी होगा, लेकिन फिलहाल विभिन्न विभागों के 150 पद ही खाली होने की जानकारी पीएससी तक पहुंची है, जबकि पिछली दो परीक्षाओं में पदों की संख्या 250 से ज्यादा थी। 2019 की परीक्षा में पदों की संख्या 550 से ज्यादा थी। पीएससी के अनुसार विज्ञापन जारी होने से पहले नए पद जुड़ सकते हैं। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 का भी शेड्यूल जारी किया जा चुका है। यह परीक्षा 21 मई को होगी।

इधर, कोर्ट के ताजा फैसले के बाद पीएससी ने पहले तो 2019 की दोबारा होने वाली मुख्य परीक्षा के आवेदन स्थगित कर दिए। अब दूसरी तरफ 28 जनवरी से प्रस्तावित यह परीक्षा आगे बढ़ाने की कवायद भी शुरू हो गई है। इस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। यह परीक्षा 2 फरवरी तक चलना है, लेकिन नई परिस्थिति में परीक्षा पर असमंजस की स्थिति है। हालांकि अभी तक के शेड्यूल के अनुसार पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार 26 फरवरी को वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 होगी। 2021 की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा भी 16 से 21 मार्च तक होगी। 2021 की वन सेवा मुख्य परीक्षा 16 अप्रैल को होगी। पीएससी सहायक कुलसचिव परीक्षा 28 मई को आयोजित करेगा। 2021 की कम्प्यूटर प्रोग्रामर परीक्षा 16 अप्रैल को होगी।

चार शहरों के 55 केंद्रों पर कल होगी एडीपीओ-2021 परीक्षा

एमपी पीएससी रविवार को चार शहरों में एडीपीओ परीक्षा आयोजित करेगा। इसके लिए इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में 55 केंद्र बनाए हैं। परीक्षा दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी। इसमें 20 हजार 500 से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा ओएमआर पद्धति से होगी। परीक्षा घोषित पाठ्यक्रम के आधार पर होगी। इंदौर में 6159 अभ्यर्थी शामिल होंगे, वहीं भोपाल में 4341, जबलपुर में 5108 और ग्वालियर में 5036 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)